प्रेस विज्ञप्ति
दिनांकः– 27.03.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## मिशन शक्ति 5.0 (द्वितीय चरण) के तहत महिला हेल्पडेस्क की तत्परता से बिछड़ी बच्ची को सकुशल परिजनों से मिलाया गया



जनपद महोबा में मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सहायता हेतु व्यापक स्तर पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा के नेतृत्व में जनपद के प्रमुख मंदिरों पर श्रद्धालुओं, विशेषकर महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा के दृष्टिगत अस्थायी महिला हेल्पडेस्क स्थापित किए गए हैं।

आज दिनांक 27.03.2026 को माँ बड़ी चंद्रिका देवी मंदिर परिसर में अवनी पुत्री विजय धुरिया, उम्र लगभग 7 वर्ष, निवासी नयापुरा बंधानबाद महोबा, भीड़भाड़ के दौरान अपने परिजनों से बिछड़ गई थी। बच्ची के अकेले होने की सूचना मिलते ही मंदिर परिसर में तैनात महिला हेल्पडेस्क टीम द्वारा तत्परता एवं संवेदनशीलता का परिचय देते हुए बच्ची को अपने संरक्षण में लिया गया।

महिला हेल्पडेस्क द्वारा तत्काल आवश्यक जानकारी प्राप्त कर बच्ची के परिजनों से संपर्क स्थापित किया गया एवं उन्हें मौके पर बुलाया गया। कुछ ही समय में परिजन मंदिर परिसर पहुंचे, जहां विधिवत पहचान सुनिश्चित करने के उपरांत बच्ची को सकुशल उनके सुपुर्द किया गया। अपने बच्चे को सुरक्षित पाकर परिजनों द्वारा महोबा पुलिस की तत्परता एवं सराहनीय कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई।

उक्त संपूर्ण कार्यवाही थाना कोतवाली नगर क्षेत्रांतर्गत बड़ी चंद्रिका धाम में स्थापित महिला हेल्पडेस्क द्वारा कुशलतापूर्वक संपादित की गई, जो मिशन शक्ति अभियान की प्रभावशीलता एवं जनसेवा के प्रति पुलिस की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# महोबा पुलिस



## रामनवमी जुलूस को सकुशल संपन्न कराने हेतु पुलिस-प्रशासन अलर्ट, अधिकारियों ने की विस्तृत ब्रीफिंग

आज दिनांक 27.03.2026 को थाना कोतवाली नगर, महोबा परिसर में आगामी रामनवमी जुलूस के दृष्टिगत जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह एवं अपर जिलाधिकारी महोबा श्री कुंवर पंकज द्वारा संयुक्त रूप से पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की विस्तृत ब्रीफिंग की गई।

ब्रीफिंग के दौरान अधिकारियों द्वारा जुलूस को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जुलूस के निर्धारित रूट, संवेदनशील/अतिसंवेदनशील स्थलों, भीड़ नियंत्रण, बैरिकेडिंग, यातायात व्यवस्था तथा आपात स्थिति से निपटने के लिए समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

अधिकारियों ने ड्यूटी में तैनात समस्त पुलिस बल को सतर्क एवं मुस्तैद रहने, अपने-अपने निर्धारित प्वाइंट पर समय से पहुंचने तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर तत्काल नियंत्रण करते हुए उच्चाधिकारियों को सूचित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जनसामान्य के साथ संयमित एवं सौहार्दपूर्ण व्यवहार बनाए रखने पर भी विशेष बल दिया गया।

ब्रीफिंग में यह भी निर्देशित किया गया कि जुलूस के दौरान ड्रोन/सीसीटीवी एवं अन्य तकनीकी माध्यमों से सतत निगरानी रखी जाए तथा सोशल मीडिया पर भी विशेष सतर्कता बरती जाए, जिससे किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना या अफवाह को समय रहते रोका जा सके।

इस अवसर पर संबंधित क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी सहित ड्यूटी में नियुक्त समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे। सभी को अपने दायित्वों का पूर्ण निष्ठा, अनुशासन एवं जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया गया, जिससे रामनवमी का पर्व सकुशल एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके।






## मिशन शक्ति फेज-5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत जनपद महोबा में व्यापक जनजागरूकता अभियान संचालित





मिशन शक्ति फेज-5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत जनपद महोबा के समस्त थानों में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को सुदृढ़ एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित विशेष अभियान के क्रम में आज दिनांक 27.03.2026 को जनपद महोबा में विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

उक्त कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त थानों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में संपन्न कराए गए।

कार्यक्रम के अंतर्गत पुलिस टीमों द्वारा बाजारों, सार्वजनिक स्थलों, शैक्षणिक संस्थानों एवं ग्राम/कस्बा क्षेत्रों में पहुंचकर महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद स्थापित किया गया। इस दौरान उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उन्हें आश्वस्त किया गया कि किसी भी प्रकार की शिकायत, उत्पीड़न अथवा आपात स्थिति में पुलिस द्वारा त्वरित सहायता प्रदान की जाएगी।

पुलिस टीमों ने महिलाओं को घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, साइबर अपराध एवं अन्य महिला संबंधी अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। साथ ही महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 181 आदि एवं मिशन शक्ति केंद्रों की सेवाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मरक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए यह संदेश दिया गया कि वे किसी भी प्रकार की समस्या के संबंध में निडर होकर पुलिस से संपर्क करें।

जनपद महोबा पुलिस महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने, उन्हें सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने तथा उनके प्रति होने वाले अपराधों की रोकथाम हेतु निरंतर सक्रिय एवं प्रतिबद्ध है।

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक:- 27.03.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## रामनवमी पर्व पर महोबा प्रशासन की सुदृढ़ व्यवस्थाएं डीएम व एसपी ने किया जुलूस/रथ यात्रा का व्यापक निरीक्षण, सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु दिए सख्त निर्देश

आज दिनांक 27 मार्च 2026 को जनपद महोबा में पावन रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा व्यापक एवं चाक-चौबंद व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। इसी क्रम में जिलाधिकारी महोबा श्रीमती गजल भारद्वाज एवं पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा संयुक्त रूप से जिला स्तरीय रामनवमी जुलूस/रथ यात्रा का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था की तैयारियों का जायजा लिया गया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा जुलूस मार्ग का गहन भ्रमण करते हुए संवेदनशील एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों का विशेष रूप से निरीक्षण किया गया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, बैरिकेडिंग, यातायात डायवर्जन, पार्किंग व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, ड्रोन कैमरों की तैनाती (जहां लागू), तथा आपातकालीन सेवाओं की उपलब्धता का सूक्ष्म परीक्षण किया। साथ ही संबंधित क्षेत्राधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं ड्यूटी में तैनात पुलिस बल को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, अफवाह या शांति भंग करने के प्रयासों पर तत्काल प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा विशेष रूप से यह निर्देशित किया गया कि जुलूस के दौरान धार्मिक आस्थाओं का पूर्ण सम्मान करते हुए आपसी सौहार्द बनाए रखा जाए तथा सभी अधिकारी/कर्मचारी पूरी सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें। उन्होंने भीड़ प्रबंधन को सुव्यवस्थित रखने, महिला सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने तथा यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के निर्देश भी दिए।

इस अवसर पर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह एवं भक्ति का वातावरण देखने को मिला। जिलाधिकारी महोबा एवं पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा श्रद्धा एवं आस्था के साथ निकल रही रामनवमी रथ यात्रा को कंधा देकर गंतव्य स्थल के लिए रवाना किया गया, जो प्रशासन एवं आमजन के बीच सकारात्मक समन्वय एवं विश्वास का प्रतीक रहा।

कार्यक्रम के दौरान जनपद के सम्मानित जनप्रतिनिधिगण, समाजसेवी, धर्मगुरु एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पर्याप्त संख्या में पुलिस बल, पीएसी (जहां आवश्यक), महिला पुलिस कर्मी एवं प्रशासनिक अधिकारी विभिन्न स्थानों पर मुस्तैदी से तैनात रहे।

जनपद महोबा प्रशासन द्वारा समस्त नागरिकों से अपील की गई है कि सभी त्यौहारों को शांति, भाईचारे एवं आपसी सद्भाव के साथ मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को उपलब्ध कराएं, जिससे जनपद में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग प्राप्त हो सके।

जनपद महोबा पुलिस एवं प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि प्रत्येक नागरिक सुरक्षित वातावरण में अपने धार्मिक पर्व को हर्षोल्लास के साथ मना सके।



## थाना कुलपहाड़ पुलिस टीम ने 01 नफर वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार...।

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 27.03.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री रविकान्त गोंड के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कुलपहाड़ श्री विनोद कुमार सिंह द्वारा गठित उ0नि0 हरीशंकर यादव मय हमराह उ0नि0 योगेश रावत व कां0 विक्की चौधरी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 23/2026 धारा 109/115(2)/117(2) BNS से सम्बन्धित 01 वाछिंत अभियुक्त बृजेश कुमार पुत्र भानू प्रताप उम्र करीब 32 वर्ष निवासी ग्राम लिलवा थाना महोबकण्ठ जनपद महोबा को कस्बा कुलपहाड़ के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से वाटर हीटिंग रॉड (लोहे की रॉड) बरामद की गई है, जिससे उसने अपनी पत्नी के साथ मारपीट की थी। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

बृजेश कुमार पुत्र भानू प्रताप उम्र करीब 32 वर्ष निवासी ग्राम लिलवा थाना महोबकण्ठ जनपद महोबा

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –**

1. उ0नि हरीशंकर यादव
2. उ0नि0 योगेश रावत
3. कां0 विक्की चौधरी



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांकः– 27.03.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा